भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान, डॉ. होमी भाभा रोड, पाषाण, पुणे – 411008
(एमओयू संदर्भ सं. IN-UP23792150155535U दिनांक 25/01/2023)

आईआईटीएम शैक्षणिक सत्र अगस्त 2024 हेतु एसीएसआईआर (AcSIR) के माध्यम से पीएच.डी पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

भौतिक विज्ञान में एसीएसआईआर (AcSIR) की पीएच.डी उपाधि हेतु मौसम और जलवायु विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान करने के लिए उत्साही, युवा छात्रों से आईआईटीएम आवेदन आमंत्रित करता है। आईआईटीएम भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त अनुसंधान संस्थान और पीएच.डी कार्यक्रम हेतु एसीएसआईआर (AcSIR) का एक सहयोगी शैक्षणिक केंद्र है।

नियमित पीएच.डी पदों की संख्या (वैध अध्येतावृत्ति (फ़ेलोशिप) के साथ) - पद: 25 (सा.-12, अ.पि.व.-06, अ.जा.-04, अ.ज.जा.-02, ईडब्ल्यूएस-01) - इनमें से 01 पद बेंचमार्क अशक्तताओं वाले व्यक्तियों के लिए आरक्षित है।

नियमित पदों के लिए अनिवार्य अर्हता : अभ्यर्थी के पास निम्नलिखित अर्हता होनी चाहिए -
(1) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से भौतिक विज्ञान [जिसमें भौतिकी/अनुप्रयुक्त भौतिकी/वायुमंडलीय विज्ञान/मौसम विज्ञान/समुद्र विज्ञान/जलवायु विज्ञान/ मौसम विज्ञान के साथ भूभौतिकी /पर्यावरण विज्ञान/इलेक्ट्रॉनिक्स या संबंधित विषय शामिल हों] / रासायनिक विज्ञान [जिसमें रसायन विज्ञान/भौतिक रसायन विज्ञान/अकार्बनिक रसायन विज्ञान/कार्बनिक रसायन विज्ञान या संबंधित विषय शामिल हों]/ गणितीय विज्ञान [जिसमें गणित/अनुप्रयुक्त गणित/सांख्यिकी या संबंधित विषय शामिल हों] में स्नातकोत्तर डिग्री।

अथवा

वायुमंडलीय/महासागरीय विज्ञान या संबंधित विषयों में एम. टेक. डिग्री

अथवा

अभियांत्रिकी की किसी भी शाखा से स्नातकोत्तर डिग्री.

तथा

(2) राष्ट्रीय स्तर की वैध अध्येतावृत्ति (फ़ेलोशिप) (सीएसआईआर, यूजीसी, डीबीटी, डीएसटी आदि जैसी राष्ट्रीय अनुदान संस्थाओं से वैध राष्ट्रीय स्तर की अध्येतावृत्ति (फ़ेलोशिप) या कोई अन्य समकक्ष वैध अध्येतावृत्ति (फ़ेलोशिप) जैसे इंस्पायर, आरजीएनएफ आदि – अनंतिम अध्येतावृत्ति (फ़ेलोशिप) वाले अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं, किन्तु यदि अध्येतावृत्ति (फ़ेलोशिप) स्वीकृत नहीं होती है, तो ऐसे उम्मीदवार स्व-प्रायोजित आधार पर अपनी पीएच.डी जारी रखने के लिए पात्र होंगे। ऐसे मामलों में संस्थान की ओर से कोई वित्तीय सहायता प्रदान नहीं की जाएगी।)
(3) सामान्य (अना.)/सामान्य-ईडब्ल्यूएस के लिए न्यूनतम 55% अंक (बिना पूर्णांकित किए) या समकक्ष श्रेणी तथा अ.पि.व. (एनसीएल)/अ.जा./अ.ज.जा., अन्य एवं दिव्यांगों (पीडब्ल्यूडी) के लिए न्यूनतम 50% अंक (बिना पूर्णांकित किए) या समकक्ष श्रेणी।
(4) स्नातक स्तर पर भौतिकी और गणित विषयों के साथ अध्ययन किया हो।
आवेदन करने के लिए नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक करें:
https://acsir.emli.in/ACSIRAdmissionPortal/online-admission/portal/acsir-online-adm-portal/

एसीएसआईआर (AcSIR) पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2024 है
किसी भी सहायता के लिए admissions@acsir.res.in पर ईमेल करें :